हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड

उपसाधन प्रभाग:: लखनऊ

डिग्री डिप्लोमा अप्रेंटिस चयन 2017

HAL- ADL/2652/19/01/TRG DT.05/06/2017

शिशिक्षु अधिनियम 1961 (समय समय पर यथा संशोधित) के अंतर्गत डिग्री/ डिप्लोमा की विभिन्न शाखाओं में एक वर्ष के अप्रेंटिस प्रशिक्षण के लिए चयन हेतु विज्ञप्ति निम्नलिखित है।

अर्हता:-

1. शैक्षिक योग्यता:-

डिग्री - मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल एवं कम्प्यूटर साइन्स (इंजीनियरिंग)/आई.टी. में 4 वर्षीय बी. टेक या बी.ई. वर्ष 2014, 2015 एवं 2016 में उत्तीर्ण किया हो।

डिप्लोमा - मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल, इन्सट्रूमेन्टेशन, कम्प्यूटर साइन्स (इंजीनियरिंग)/आई.टी. एवं मार्डन आफिस मैनेजमेंट एण्ड सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (MOM & SP) में डिप्लोमा वर्ष 2014, 2015 एवं 2016 में उत्तीर्ण किया हो।

"एपियरिंग (Appearing) रिजल्ट अवेटिड (Result Awaited)" इत्यादि अभ्यर्थी योग्य नहीं माने जायेंगे।

2. आयु :-

अधिकतम 26 वर्ष । SC/ ST/OBC/PH को नियमानुसार छूट दी जायेगी।

3. आवेदन कैसे करें

a. आवेदन ON-LINE करना होगा। आवेदन करने हेतु http://117.239.229.153/trg वेब साइट पर सर्च करें। यह LINK 08 जून 2017 प्रातः 09:00 बजे से खुलेगा एवं 22 जून 2017 सांय 16:00 बजे स्वतः बन्द हो जायेगा। आवेदन करने की अन्य कोई भी विधि मान्य नहीं है। अधूरें फार्म स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
अतः आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 जून 2017 सायं 16:00 बजे तक है।

b. आवेदक ‘Enrol Basic Details’ भरेगा। जिसके उपरान्त उसे एक ‘रजिस्ट्रेशन नम्बर’ मिलेगा। अभ्यर्थी तुरन्त अपना ‘रजिस्ट्रेशन नम्बर’ नोट कर लें।

c. इसके अपरान्त अभ्यर्थी अपना ‘रजिस्ट्रेशन’ फार्म पूर्ण रूप से भरें। अपना ‘फोटों’ व ‘हस्ताक्षर’ अपलोड करें। अन्त में फार्म को ‘Submit’ करें।

d. अभ्यर्थी दिनांक 01-12 जुलाई 2017 के मध्य http://117.239.229.153/trg वेब साइट पर अपना ‘Admit Card’ डाउनलोड करें।

e. मात्र सफलता पूर्वक आवेदन से अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अधिकृत नहीं होगा। अभ्यर्थी की पात्रता पर एच.ए.एल. लखनऊ का निर्णय अंतिम होगा।

f. जिन अभ्यर्थियों के माता/पिता/पति अथवा पत्नी एच.ए.एल. में कार्यरत है/थे वे संलग्न आश्रित घोषणा पत्र भरकर 30 जून 2017 तक वैबसाइट http://117.239.229.153/trg पर अपलोड करे ।

4. लिखित परीक्षा :-

a. लिखित परीक्षा दिनांक 12/07/2017 को आयोजित की जायेगी। परीक्षा का समय / स्थान ‘Admit Card’ पर अंकित होगा।

b. चयन वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। लिखित परीक्षा में संबंधित इंजीनियरिंग ब्रान्च, संख्यात्मक अभियोग्यता (Quantitative Aptitude) बौद्धिक एवं तर्कशक्ति (Logical & Analytical Reasoning) से सम्बन्धित प्रश्न होगें। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी अपने उत्तर दिये गये ओएमआर पृष्ठ पर अंकित करेंगे। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा ओएमआर पर स्वयं संबन्धित मूलभूत जानकारी गलत / अधूरें भरें / मिटा के दोबारा अस्पष्ट लिखे जाने पर ओएमआर उत्तर पृष्ठ निरस्त किया जा सकता है।

c. लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी आवश्यक रूप से अपना ‘Admit Card’ साथ लाए। अन्य कोई भी कागजात लाने की आवश्यकता नहीं है। ‘Admit Card’ न होने की स्थिति में परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जायेगा।

d. लिखित परीक्षा के आधार पर केवल अस्थायी रूप से ‘चयनित’ अभ्यर्थियों (Provisionally selected candidates) को ही ‘DOCUMENT VERIFICATION’ हेतु बुलाया जायेगा। ऐसे अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों (Original Documents) की जाँच ‘तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र’ में नियत दिनांक व समय आकर करानी होगी ‘Documents Verification’ तिथि परीक्षा परिणाम के साथ ही घोषित की जायेगी।

e. ‘DOCUMENT VERIFICATION’ में सभी दस्तावेज सही पाये जाने पर ऐसे अभ्यर्थियों का एक वर्षीय अप्रेंटिंस हेतु ‘आफर’ दिया जायेगा।

f. परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन एवं अन्य उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

g. अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पूर्व ही परीक्षा कक्षा में अपना स्थान लेलें। लिखित परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट बाद परीक्षा स्थल पर प्रवेश के अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी को परीक्षा अवधि पूर्ण होने के आधे घंटे पूर्व तक परीक्षा कक्ष से बाहर जाने नहीं दिया जायेगा।

h. नकल / अवांछित आचरण / पक्ष पुष्टि (canvassing) करने पर अभ्यर्थना (CANDIDATURE) तत्काल निरस्त किया जा सकता है।

i. लिखित परीक्षा का परिणाम वेबासाइट http://117.239.229.153/trg पर ही घोषित किया जायेगा।

j. अप्रेंटिसशिप के दौरान डिग्री अप्रेंटिस को रू.4984/- एवं डिप्लोमा अप्रेंटिस को रू. 3542/- दर से स्टाइपेंड देय होगा।

k. अगर चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या चयन होने के बाद भी, अभ्यर्थी निर्धारित नियमानुसार अयोग्य पाया जाता है, तो बिना किसी सूचना के उसका अभ्यर्थन तत्काल निरस्त किया जा सकता है।